Title: Need to open diesel-petrol pump and LPG outlet at Barod and Badagawn in Shahapur district of Madhya Pradesh.

श्री थावरचंद गैहलोत (शाजापुर): मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के बडौद तहसील मुख्यालय बडौद तथा बडागांव जहां नगर पंचायतें है वह दोनों नगरों की जनसंख्या पन्द्रह-पन्द्रह हजार से अधिक है तथा दोनों नगर सडक मार्ग पर स्थित है, जहां वाहनों का अधिक संख्या में आना जाना होता रहता है, पर डीजल पेट्रोल पम्प खोलने की अति आवश्यकता है। अभी इन दोनों नगरों से पच्चीस-पच्चीस किलोमीटर दूर तक कोई डीजल पेट्रोल पम्प नहीं है। इस कारण लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार बडागांव जिसकी आबादी पन्द्रह हजार से अधिक है, में कुकिंग गैस (LPG) एजेन्सी की भी अति आवश्यकता है। लोग अत्यधिक परेशान हैं। शासन की भी योजनानुसार इन स्थानों पर उपरोक्त एजेन्सियां दी जानी चाहिये। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि बडौद व बडागांव में डीजल'पेट्रोल पम्प व कुकिंग गैस एजेन्सी अतिशीघ्र स्थापित करने के आदेश देने की कृपा करें।